प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 01.04.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ न आज बरेली में 933 करोड़ रुपये की 132 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा– बीते 8 वर्षो में बरेली को मिली है नई पहचान।
2. मुख्यमंत्री ने प्रदेश में संचारी रोग नियंत्रण और स्कूल चलो अभियान का किया शुभारम्भ : कहा– बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलां में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू करेगी सरकार।
3. लोकसभा में कल पेश किया जाएगा वक्फ संशोधन विधेयक 2025 : केंद्र सरकार ने कहा– न्याय देना है विधेयक का उद्देश्य।

और

4. आईपीएल में आज लखनऊ के इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स के बीच हो रहा है मुकाबला।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बरेली में 933 करोड़ रुपये की 132 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने बरेली के कॉलेज मैदान में बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा लगाई गई विकास योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस

मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 8 वर्षों में बरेली ने एक नई पहचान बनाई है। बरेली अब विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है। बाइट.....

*आज बरेली विकास के पथ पर अग्रसर हुआ है। इन्फ्रास्ट्रक्चर का नया मॉडल दे रहा है। अपनी नाथ नगरी की पहचान को पिछली सरकारों ने बरेली को झुमका के साथ जोड़ा था। हम लोगों ने बरेली को नाथ नगरी के रूप में नाथ कॉरिडोर देकर के आपको आपकी पौराणिक पहचान। दिलाने का काम किया है। पिछली सरकार आपकी पहचान किस रूप में प्रस्तुत की थी और हम लोगों ने आपकी पहचान को नाथ नगरी के रूप में प्रस्तुत करके अब विकास के एक नए मॉडल के रूप में बरेली को आगे बढ़ाया जा रहा है। आज बरेली में निवेश आ रहा है। आज यहां पर इंडस्ट्री लग रही है।*

मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही प्रदेश में 30 अप्रैल तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान की भी शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने पूरे प्रदेश के लिए बरेली से 2 हजार 554 नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले 108 एंबुलेंस का रिस्पांस टाइम 17–19 मिनट था, जो अब 7 मिनट तक आ गया है। श्री योगी ने संचारी रोग नियंत्रण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों को प्रदेश में जड़ से खत्म करने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं। बाइट.....

*स्वास्थ्य ये किसी भी सभ्य समाज के लिए उतना ही महत्वपूर्ण है जितनीशिक्षा है और उत्तम स्वास्थ्य के लिए उन्हें उस प्रकार के केन्द्र मिले। बीमारियों की महामारियों के बचाव के लिए जागरूकता से अभियान आगे*

*बढ़ेगा और आज उत्तर प्रदेश सरकार संचारी रोग नियंत्रण के बड़े कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहा है और साथ साथ आज उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा भारत सरकार के सहयोग से पच्चीस सौ से अधिक एम्बुलेंस स्वास्थ्य सेवा में जनता जनार्दन की सेवा के लिए लगाई जा रही है।*

**वाराणसी में स्टाम्प, न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन मंत्री रवीन्द्र जायसवाल और आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयाल, ने जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ किया गया। हापुड़ में लोगों को संचारी रोगों के खिलाफ जागरुकता शपथ दिलाई गई। रामपुर में राज्यमंत्री बलदेव औलख ने अभियान की शुरूआत की।**

---

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बरेली से 'स्कूल चलो अभियान' की शुरुआत की। पिछले साल 1 करोड़ 91 लाख बच्चों को डीबीटी के जरिए 1200 रुपये प्रति बच्चा उनके अभिभावकों के खाते में भेजे गए। श्री योगी ने कहा कि पीएमश्री योजना के तहत 1500 विद्यालयों का कायाकल्प किया जा रहा है। बाइट.....**

*पीएमश्री योजना के अंतर्गत पंद्रह सौ विद्यालयों को कल्प भी कर रहे हैं। कस्तूरबा गांधी विद्यालयों को आठवीं से लेकर बारहवीं तक गरीब कन्याओं की उत्तम शिक्षा का केंद्र बना रहे हैं। बेसिक शिक्षा परिषद में भी एनसीईआरटी के ही पाठ्यक्रम को लागू कर सके। ये कार्यक्रम अलग अलग स्टेज पर आगे हैं। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के अंतर्गत इन कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने का कार्यक्रम आज बेसिक शिक्षा परिषद आगे बढ़ाने का काम कर रहा है तो अब हम लोग अगले चरण में आ गए हैं।*

इस दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुल्तानपुर, कौशांबी में मुख्यमंत्री के कायक्रम का सजीव प्रसारण हुआ। जनपद बलरामपुर में प्राथमिक विद्यालय गोंदीपुर में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को पाठ्य पुस्तक भी वितरित की गई।

—————

लोकसभा में कल वक्फ संशोधन विधेयक 2025 विचार और पारित होने के लिए पेश किया जाएगा। संसदीय कार्य मत्रीं किरेन रिजिजू ने आज संसद भवन में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सदन में विधेयक पर आठ घंटे की चर्चा का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक के दौरान इस बात पर सहमति बनी है कि सदन की राय जानने के बाद चर्चा का समय बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार विधेयक पर सभी सवालों का जवाब देने के लिए तैयार है।

केंद्रीय मंत्रो प्रह्लाद जोशी नेकहा है कि वक्फ संशोधन विधेयक का उद्देश्य किसी की संपत्ति जब्त करना नहीं, बल्कि न्याय देना है। संसद के बाहर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने विपक्ष पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। बाइट.....

*ये तो पहले ही टेबल हो चुका है जेपीसी से वापस आया है। जहां तक फॉर्मेलिटी है वो तो अभी चर्चा कब होता है, मुझे पता नही है, लेकिन ये जोमिसलीड कर रहे हैं। तो ये किसी की प्रोपर्टी हम वापस लेने की बात हमने नहीं की है। अदर मेन्योरिटी और मेज्येरिटी का।*

इस बीच, समाजवादीपार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर इस विधेयक के बारे में एक विशेष अल्पसंख्यक समूह को गुमराह करने का आरोप लगाया है।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारो वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

प्रदेश में आज से अनधिकृत ई—रिक्शा व ऑटो के खिलाफ 30 अप्रैल तक चलने वाले अभियान की शुरुआत हुई। अभियान के पहले दिन राज्य में 915 ई—रिक्शा सीज किए गए और 3035 का चालान किया गया। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने बताया कि पूरे माह अभियान की नियमित मॉनिटरिंग होती रहेगी।

————————

प्रदेश में परिवहन विभाग ने मॉडल इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च— आईडीटीआर की स्थापना की कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। इसका उद्देश्य राज्य में सड़क

सुरक्षा को संस्थागत रूप देना और व्यावसायिक चालकों को आधुनिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने 9 जनपदों के जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर आईडीटीआर की स्थापना के लिए न्यूनतम 10.15 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। राजधानी लखनऊ, गोरखपुर, बलिया, आगरा, गौतमबुद्ध नगर, झांसी, कानपुर नगर, शाहजहाँपुर, प्रयागराज में आईडीटीआर की स्थापना प्रस्तावित है। यहप्रस्ताव भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित योजना के अंतर्गत आता है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

———————

प्रदेश में अल्प विकसित और मलिन बस्तियों की सूरत बदलने के लिए बड़े पैमाने पर विकास कार्य शुरू किए गए हैं। इसी के तहत लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर नगर, रायबरेली, कन्नौज समेत 17 जिलों में 250 से अधिक परियोजनाओं के माध्यम से लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। पेश है एक रिपोर्ट.....

*मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजना के तहत लखनऊ, प्रयागराज, मऊ, बस्ती, जालौन, सिद्धार्थनगर, मुरादाबाद, संतकबीर नगर, जौनपुर, बुलंदशहर और महाराजगंज की 166 परियोजनाओं को 3.35 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी कड़ी में कानपुर नगर, फतेहपुर, रायबरेली, कन्नौज, आजमगढ़ और कौशांबी जिलों के लिए 95 परियोजनाओं को 17.53 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की गई है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से सुषमा कुकरेती।*

———————

प्रदेश के अग्निशमन विभाग को प्रयागराज महाकुंभ में उत्कृष्ट सेवा के लिए आज गोवा में सम्मानित किया गया।

गोवा क मुख्यमंत्री डॉ प्रमोद सावंत ने उत्तर प्रदेश के अग्निशमन विभाग की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए विभाग के अधिकारियों को सम्मानित किया। अग्निशमन विभाग ने महाकुम्भ में लगभग 24 बड़ी अग्नि दुर्घटनाओं के साथ 185 अग्नि दुर्घटनाओं पर काबू पाने में सफलता प्राप्त की थी।

————————

आईपीएल 2025 का 13वां मुकाबला आज लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला जा रहा है। पंजाब किंग्स ने टॉस जीत कर पहले बॉलिंग करने का फैसला किया है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*मैच में सबकी निगाहें दो महंगे खिलाड़ियों –लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत और पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर पर लगी हुई हैं। दोनों ही खिलाड़ियों पर अपनी–अपनी टीमों के लिए अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव है। लखनऊ सुपर जायंट्स ने अब तक 2 मैच खेले हैं, जिसमें से उन्होंने 1 में जीत हासिल की है और 1 में हार का सामना किया है। वहीं, पंजाब किंग्स ने अपना पहला मैच जीता है। लखनऊ सुपर जायंट्स को अपने घरेलू मैदान पर दर्शकों के उत्साहवर्धन के बीच अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। मुमताज अली, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

————————

मौसम विभाग के मुताबिक अप्रैल से जून माह के बीच प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान रहने का अनुमान है। इस दौरान ज्यादातर इलाकों में न्यूनतम तापमान में वृद्धि होगी। मौसम विभाग की मासिक

रिपोर्ट में ग्रीष्म ऋतु के दौरान सामान्य से अधिक हीटवेव की अवधि होने की आशंका है।

(समाप्त)